ज़रा नैन को मेरे श्याम से मिला ले

ज़रा नैन को मेरे श्याम से मिला ले,
दर्द भूल जायेगा,
जब नैन मिल गए तो दर्द तेरा,
आंसू बन जाएगा।।

एक बार सांवरे से,
मुलाकात होगी
नैनो ही नैनो में,
फिर बात होगी,
फिर नाम पहचान श्याम प्यारा,
तेरा बन जाएगा।

हाथों में अपने हाथ थाम लेगा,
दुनिया के आगे गिरने ना देगा,
फिर नाम मंझधार से ये तेरी,
पार लगाएगा।

साँसों की माला,
श्याम को चढ़ाना
जीवन को चरणों,
में इनके लगाना
दिलदार श्याम जीवन ये 'पोणु',
स्वर्ग बनाएगा।

ज़रा नैन को मेरे श्याम से मिला ले,
दर्द भूल जायेगा,
जब नैन मिल गए तो दर्द तेरा,
आंसू बन जाएगा......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/24446/title/jra-nain-ko-mere-shyam-se-mila-le

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |